# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-27.04.2025**

**विषय:- नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर ले जाने के मामले मे वांछित अभियुक्त रामलखन बनवासी थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार, अपहृता/पीड़िता बरामद ।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे, श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व में थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0262/2025 धारा 137(2)/87 बी0एन0एस0 थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित नामजद वांछित अभियुक्त रामलखन बनवासी पुत्र लालजी बनवासी निवासी ग्राम प्रतापपुर थाना बड़ागांव जनपद वाराणसी को आज दिनांक-27.04.2025 को समय करीब 05.10 बजे संदहा अण्डर पास थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी से गिरफ्तार करते हुए, पीड़िता/अपहृता की सकुशल बरामदगी की गयी। उक्त सम्बन्ध में थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-**

दिनांक- 27.04.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने प्रतिवादी राम लखन बनवासी द्वारा उनकी नाबालिग पुत्री उम्र 11 वर्ष को दिनांक-26.04.2025 को शादी करने की नियत से बहला फुसलाकर अपने साथ लेकर कही ले जाने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना चौबेपुर में मु0अ0सं0-0262/2025 धारा 137(2)/87 बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 चन्द्रमोहन यादव द्वारा संपादित की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

रामलखन बनवासी पुत्र लालजी बनवासी निवासी-ग्राम प्रतापपुर थाना बड़ागांव जनपद वाराणसी, उम्र करीब 25 वर्ष।

**गिरफ्तारी दिनांक, समय व स्थान-**

दिनांक-27.04.2025 को समय करीब 05.10 बजे, संदहा अण्डर पास थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी से।

**बरामदगी का विवरण-** मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अपहृता/पीड़िता, उम्र करीब 11 वर्ष बरामद।

**<u>आपराधिक इतिहास-</u>**

1- मु0अ0सं0 0262/2025 धारा 137(2)/87 बी0एन0एस0 थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।

**<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

1. निरीक्षक जगदीश कुशवाहा थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।
2. उ0नि0 चन्द्रमोहन यादव थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।
3. का0 सुरेन्द्र यादव थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।
4. म0का0 रंजना सोनकर थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।




**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी**